## महाविद्यालय परिचय (About the College)

सुखदेव सहाय मधेश्वर सहाय डिग्री कॉलेज की स्थापना 1 मार्च 2010 में पलामू जिला के तरहसी प्रखंड में ग्राम तरहसी के सुप्रसिद्ध विख्यात समाजसेवी पूर्व केन्द्रीय मंत्री माननीय श्री सुबोध कान्त सहाय, ने अपने दादा जी एवं चाचा जी के नाम से महाविद्यालय की स्थापना की। उस समय तरहसी, प्रखंड में कोई भी महाविद्यालय नही था महाविद्यालय की स्थापना गरिमामयी माननीय श्री सैयद सिब्ते रजी झारखंड के पांचवे राज्यपाल के करकमलो के द्वारा नये भवन का शिलान्यास किया गया। सन् 2010 से ही मानविकी एंव सामाजिक विज्ञान तथा वाणिज्य संकायों में डिग्री पाठ्यक्रमो की शुरूआत हुई। सन् 2019 मे महाविद्यालय अपने नये भवन में अवस्थित हो चुकी है। सन् 2010 मे यह नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय मेदनीनगर से सम्बध ईकाई हो गया। भविष्य में विज्ञान संकाय एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रम (vocational course) खोलने की योजना है।

यह कॉलेज सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी तथा वाणिज्य के सभी विषयों मे स्नातक ( ऑनर्स एवं पासकोर्स) पाठयक्रम की सेवा प्रदान कर रहा है। यह महाविद्यालय अपने क्षेत्र मे ऐतिहासिक साबित हो रहा है।

## वर्त्तमान शासी निकाय के सदस्यों की सूची

| S.No. | Name | Designation |
|---|---|---|
| 1 | डा. के. के. सहाय | अध्यक्ष |
| 2 | श्री मदन गोपाल मिश्र | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री सुनिल कुमार सहाय | सचिव |
| 4 | श्री सुधीर कुमार सहाय | सदस्य |
| 5 | प्रतिनिधि जिला प्रशासन पलामू | सदस्य |
| 6 | विश्वविद्यालय प्रतिनिधि | सदस्य |
| 7 | एक निर्वाचित शिक्षक प्रतिनिधि | सदस्य |
| 8 | श्री तरूण कुमार सहाय | कोषाध्यक्ष |
| 9 | श्री प्रभाकार ओझा | प्रभारी प्राचार्य |

## दृष्टि एवं उद्देश्य (Vision & Mission)

शिक्षा व्यक्ति को सार्वभौमिक सोच, व्यावहारिक कार्य–कुशलता एंव व्यावसायिक दक्षता से युक्त करती है। विकसित स्थानों पर शिक्षित होना सुलभ है, परन्तु सुदूरवर्ती इलाकों में यह एक बड़ी चुनौती है। S.S.M.S. Degree कॉलेज अपने स्थापना काल से ही इस चुनौती के समक्ष खरा उतरा है। कॉलेज सदैव से इस दृष्टि एवं उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध रहा है कि पलामू जैसे सुदूरवर्ती इलाके में विद्यार्थियों को उत्तकृष्ट शिक्षा प्रदान की जाए। विद्यार्थियों का शिक्षण इस प्रकार हो कि वे अन्तर्दृष्टि एवं उच्चकोटिक कार्यक्षमता से युक्त होकर सामाजिक प्रगति एवं रूपान्तरण के लिए नेतृत्व प्रदान करने वाले हो सकें। वे भूमंडलीकृत, बहुलतावादी एवं लोकतान्त्रिक समाज के समर्थ भावी नागरिक के रूप में विकसित हो सकें तथा अन्य की भी तदनुरूप मार्गदर्शन कर सकें।

## शिक्षण की भाषा (Medium of Instruction)

महाविद्यालय में प्रयुक्त शिक्षण की भाषा हिन्दी एवं अंग्रेजी है।

## सह–शिक्षा (Co-Education)

कॉलेज में सह–शिक्षा की व्यवस्था है। छात्राओं के लिए प्रत्येक वर्ग में स्थान उपलब्ध है। उनके लिए कॉमनरूम की समुचित व्यवस्था है, जहां सामाचार पत्र, इन्डोर एवं आउटडोर खेलकूद आदी की व्यवस्था है। कॉलेज छात्रावास में छात्राओं के लिए आवास की व्यवस्था नहीं है, हालॉकि महिला छात्रावास प्रस्तावित है।

## महाविद्यालय कार्यावधि (College Timing)

महाविद्यालय सामान्य कार्यो के लिए 10:30AM से 4:30PM तक खुला रहेगा, किन्तु सभी वित्तीय कार्य 2:30 PM तक बन्द कर दिए जायेंगे। प्रातः कालीन कॉलेज की स्थिति में सामान्य कार्यावधि 7:00AM से 12:00AM तक होगी।

## उपलब्ध पाठ्यक्रम (Courses Offered)

कॉलेज में मुख्य रूप से दो संकाय हैं– सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी तथा वाणिज्य। इन संकायों में स्नातक स्तर तक विभिन्न विषयों में अध्ययन की सुविधा है। इसके अतिरिक्त विज्ञान संकाय एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का भी संचालन होना प्रस्तावित हैं। उपलब्ध पाठ्यक्रमों का विवरण निम्न है–

| क्रम | संकाय (Faculty) | पाठ्यविषय (Subjects) |
|---|---|---|
| छः सेमेस्टर स्नातक (प्रतिष्ठा एवं सामान्य) (Six Semester Degree (Hons. & Gen) Courses) | | |
| 1 | सामाजिक विज्ञान (Social Science) | इतिहास, राजनीतिशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, गृहविज्ञान, गणित |
| 2 | मानविकी (Humanities) | हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, दर्शनशास्त्र एवं समाजशास्त्र |
| वाणिज्य (Commerce) | | |
| 1 | वाणिज्य (Commerce) | A/C (Hons) & General |

## नामांकन हेतु पात्रता (Eligibility for Admission)

| क्रम | पाठ्यक्रम | नामांकन हेतु पात्रता |
|---|---|---|
| 1 | B. A. (पास कोर्स) | I.A./ I.Sc./ I. Com. की परीक्षा किसी भी श्रेणी में उत्तीर्ण |
| 2 | B. A. (ऑनर्स कोर्स) | ऑनर्स के लिए जाने वाले विषय में न्यून्तम 45% अंक के साथ I.A. की परीक्षा किसी भी श्रेणी में उत्तीर्ण अथवा I.Sc./ I. Com. की परीक्षा न्यूनतम 45% अंक से उत्तीर्ण |
| 3 | B.Com (पास कोर्स) | किसी भी श्रेणी में I.A./ I.Sc./ I. Com. की परीक्षा उत्तीर्ण |
| 4 | B.Com (ऑनर्स कोर्स) | न्युनतम 45% अंक के साथ किसी भी श्रेणी में I.Sc. तथा I.COM की परीक्षा उत्तीर्ण |

## नामांकन प्रक्रिया (Admission Procedure)

### स्नातक (Under Graduation)

1. सर्वप्रथम नामांकन एवं पंजीयन प्रपत्र महाविद्यालय के काउन्टर से प्राप्त करें।
2. पूर्णरूप से भरे हूए नामांकन एवं पंजीयन प्रपत्र पर हाल ही में खिचवाई गई पासपोर्ट आकार की फोटो चिपका कर उसके साथ इन्टरमीडिएट का 1) अंकपत्र 2) प्रवेश पत्र 3) जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें तथा 4) महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र (C.L.C.) 5) प्रव्रजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) 6) चरित्र प्रमाण पत्र की मूलप्रति संलग्न करें। तदुपरान्त–

3. **पास कोर्स में नामांकन हेतु–**
   1) संलग्नकयुक्त नामांकन प्रपत्र को महाविद्यालय के नामांकन एवं पंजीयन विभाग में सत्यापन कराए।
   2) तदपश्चात् आवेदन प्रपत्र को महाविद्यालय के कैश काउन्टर पर सशुल्क जमा कर नामांकन रसीद एवं परिचय पत्र प्राप्त करें।

4. **आनर्स कोर्स में नामांकन हेतु–**
   1) प्राचार्य के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न संवर्गो (GEN, OBC, SC, ST) के लिए अलग–अलग कट–ऑफ–मार्क्स निर्धारित किया जाता है।
   2) प्रत्येक विभाग कट–ऑफ–मार्क्स के बराबर अथवा अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को नामांकन हेतु आज्ञा प्रदान करता है।

3) विद्यार्थी संलग्नयुक्त नामांकन प्रपत्र पर सम्बद्ध विभाग से आज्ञा प्राप्त कर उसे महाविद्यालय के नामांकन एवं पंजीयन विभाग में सत्यापित कराए।
4) तदपश्चात् आवेदन प्रपत्र को महाविद्यालय के कैश काउन्टर में शुल्क के साथ जमा कर रसीद एवं परिचय पत्र प्राप्त करें।

**कृप्या ध्यान दें-**

1. सत्यापन हेतु संलग्नकों की मूल प्रति दिखाना अनिवार्य है।
2. आवेदन प्रपत्र के सत्यापन के समय विद्यार्थियों की सशरीर उपस्थिति अनिवार्य है।
3. विद्यार्थी आवेदन के साथ लगने वाले संलग्नकों को अनिवार्य रूप से स्वअभिप्रमाणित करें।
4. विद्यार्थी नामांकन के समय परिचय पत्र के लिए एक अतिरिक्त फोटो अवश्य साथ में रखें।
5. विभाग अपने यहाँ उपलब्ध सीटों एवं नामांकन की स्थिति के अनुसार एक या उससे अधिक बार मेधा सूची जारी कर सकता है
6. कट–ऑफ–मार्क्स के आधार पर नामांकन सम्बद्ध विभागों के सीट भरने/महाविद्यालय द्वारा नामांकन हेतु निर्धारित समय के पूर्ण होने तक ही, पहले आओ पहले पाओ की नीति के अनुसार होता है।
7. महाविद्यालय द्वारा नामांकन हेतु निर्धारित समय–सीमा के समाप्त हो जाने पर किसी भी प्रकार के नामांकन पर विचार नहीं किया जाएगा।

## नामांकन हेतु आरक्षण नियम (Reservation Policy for Admission)

1. विश्वविद्यालय के नियमानुसार सभी पाठ्यक्रमों में नामांकन हेतु उपलब्ध सीटो का 75% उन विद्यार्थियों से भरा जाएगा जो नीलाम्बर – पीताम्बर विश्वविद्यालय के प्रादेशिक क्षेत्राधिकार (territorial jurisdiction) से सम्बधित है। शेष 25% सीट सभी के लिए समान रूप से उपलब्ध होंगे।
2. विश्वविद्यालय के नियमानुसार सभी पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों का 40% सामान्य श्रेणी का होगा जबकी शेष 60: आरक्षित होगा। नामांकन हेतु मेधा सूची बनाकर उसमें आरम्भ के 50% सीटो को सामान्य मेधा (open merit) के आधार पर भरना है तदुपरान्त शेष सीटों को निम्न आरक्षण नियमों का पालन करते हुए भरना है–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | EWS | 10% |
| 2 | ST | 26% |
| 3 | SC | 10% |
| 4 | BC1 | 08% |
| 5 | BCII | 6% |

यदि इन श्रेणियों ( ST,SC,OBC) में सीट रिक्त रह जाते हैं तो उन्हे उन्हें निम्नानुसार भरा जाएगा–

A. अनुसूचित जाति (SC) के रिक्त सीट पर अनुसूचित जनजाति (ST) का अभ्यर्थी भरा जाएगा।
B. अनुसूचित जनजाति (ST) के रिक्त सीट पर अनुसूचित जाति (SC) का अभ्यर्थी भरा जाएगा।
C. यदि नामांकन हेतु अनु0जा0 (SC) एवं अनु0ज0जा0 (ST) का कोइ भी अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है तो रिक्त सीट अन्य पिछड़े वर्ग OBC से जाएगा, जो उनके काटे में उपलब्ध सीटों के अतिरिक्त होगा
D. यदि SC, ST एवं OBC के लिए निर्धारित सीट फिर भी खाली रह जाती है तो उसपर सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी का मेधा सूची के अनुसार नामांकन होगा।

3. नी0 पी0 विश्वविद्यालय के कर्मियों के वार्ड को प्राप्तांक के 10% अंक की वरीयता दी जाएगी, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि यह उपलब्ध सीट के 10% से अधिक न हो। वार्ड के अन्तर्गत पुत्र/पुत्री/पति या पत्नी/निर्भर सगा भाई बहन आते हैं
4. सभी महिला अभ्यर्थियों (आरक्षित श्रेणियों की भी) को सम्बन्धित उत्तीर्ण परीक्षा के प्राप्तांक के 5% अंक की वरीयता उपलब्ध सीट संख्या के 50% सीटों तक सीमित होगी।
5. एन0सी0सी0 'सी' सर्टिफिकेट प्राप्त विद्यार्थी को सम्बन्धित उत्तीर्ण परीक्षा के प्राप्तांक का 5% अंक तथा 'बी' सर्टिफिकेट प्राप्त विद्यार्थी को 3% अंक की वरीयता दी जाएगी।
6. स्नातक कक्षाओं में नामांकन हेतु उपलब्ध सीटो के 3% सीट का आवंटन खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधि, राष्ट्रीय सेवा योजना आदि में उल्लेखनीय योगदान करनेवाले अभ्यार्थियों के लिए तथा 3% शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिए हो सकता है जिसका निर्णय प्राचार्य द्वारा पर्याप्त जॉच–पड़ताल के उपरान्त ही किया जा सकता है।

## छः सेमेस्टर स्नातक पाठ्य विषय विभाजन (Six Semester Degree Course Subject Division)

स्नातक कक्षाओं में कक्षावार विषयों का विभाजन नीचे सारणी के द्वारा स्पष्ट किया गया है। उसके नीचे विषयों के चुनाव हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये हैं। विद्यार्थी नामांकन के समय सावधानी पूर्वक इसका अध्ययन कर ही अपने विषयों का निर्धारण करें। पाठ्यविषयों के त्रुटिपूर्ण समन्वय का चुनाव नामांकन को निरस्त कर सकता है–

### विषयों के चुनाव हेतु ध्यान दे-

1. **बी०ए० (ऑनर्स)** में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, भूगोल, दर्शनशास्त्र एवं गणित में से ही अपने ऑनर्स एवं वैकल्पिक विषयों का चुनाव करें।
2. **बी०ए० (पास कोर्स)** में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, भूगोल एवं दर्शनशास्त्र, गृहविज्ञान तथा गणित में से ही अपने वैकल्पिक विषयों का चुनाव करें।
3. **बी०ए० (ऑनर्स एवं पास कोर्स दोनों)** नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी वैकल्पिक विषय के रूप में एक साथ दो प्रायोगिक विषय एवं दो साहित्य के विषय नही ले सकते।
4. स्नातक के सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी अनिवार्य विषय के रूप में आधुनिक भारतीय भाषाओं हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, में से एक चुनाव करें।
5. सेमेस्टर II के सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए आनिवार्य विषय के रूप में पार्यावरण अध्ययन (EVS) निर्धारित है।
6. सेमेस्टर I , II, III, तथा IV में सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए Generic Elective सामान्य ऐच्छिक विषय के रूप में एक विषय का चयन करना होगा।
7. सेमेस्टर III, तथा IV में सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए Skill Enhancement एक पेपर होगा।
8. सेमेस्टर V, तथा VI में सभी पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के लिए Discipline Specific Elective दो पेपर होगा।

Course Structure and Scheme of Examination of B.A. Hons. Under CBCS (for Subjects with all pratical papers)

Table No. 18: Scheme of Examination of B.A. Hons. Under CBCS (for Subject With all Pratical papers)

| Semester | Core Course (CC-14) F.M [Mid+End= Total] (Credit) | Ability Enhancement Compulsory Course(AECC-2 | Skill Enhancement Course (SEC-2) | Elective Discipline Specific (DSE-4) | Elective: Generic (GE-4) Interdisciplinary |
|---|---|---|---|---|---|
| I | CC1=75 [MT15+ET60=75] (4)<br>CC2=75[MT15+ET60=75] (4)<br>Pratical on CC1 + CC2=50 (4) | English/ Hindi Communication =100(2) or NH + MB Communication=50+50 (2) | | | GE 1=T75 (4) +P25 (2) or Theory 100 (6) |
| II | CC3=75 [MT15+ET60=75] (4)<br>CC4=75[MT15+ET60=75] (4)<br>Pratical on CC3 + CC4=50 (4) | Environmental Science = 100 (2) | | | GE 2=T75 (4) +P25 (2) or Theory 100 (6) |
| III | CC5=75 [MT15+ET60=75] (4)<br>CC6=75[MT15+ET60=75] (4)<br>CC7=75[MT15=ET60=75] (4)<br>Practical on CC5+6+7=75 (6) | | SEC 1=100 (2) or SEC 1 = T75 + P25= 100(2) | | GE 3=T75 (4) +P25 (2) or Theory 100 (6) |
| IV | CC8=75 [MT15+ET60=75] (4)<br>CC9=75[MT15+ET60=75] (4)<br>CC10=75[MT15+ET60=75 (4)<br>Pratical on CC8 +9+10=50 (6) | | SEC2= 100(2) or SEC2=T75 +P25= 100(2) | | GE 4=T75 (4) +P25 (2) or Theory 100 (6) |
| V | CC11=75 [MT15+ET60=75] (4)<br>CC12=75[MT15+ET60=75] (4)<br>Pratical on CC11 +12=50 (4) | | | DSE 1=75 [MT15 +E T60 =75 (4)<br>DSE 2=75 [MT15 +ET60=75] (4)<br>Practial on DSE 1 + 2 = 50 (4) | |
| VI | CC13=75 [MT15+ET60=75] (4)<br>CC14=75[MT15+ET60=75] (4)<br>Pratical on CC13 +14=50 (4) | | | DSE 3=75 [MT15 +E T60 =75 (4)<br>DSE 4=75 [MT15 +ET60=75] (4)<br>Practial on DSE 3 + 4 = 50 (4) | |

Abbreviations:

CC= Core Course, SEC= Skill Enhancement Course, DSE= Discipline Specific Elective, GE= Generic Elective, M= Mid Semester Examination, E= End Semester Examination, T= Theory Examination, P= Pratical Examination DSE 1,2,3 & 4= Discipline Specific Elective of the Subject opted as core Subject SEC 1 & 2 = Skill Enhancement Course of the core course opted. GE 1,2,3, & 4= Generic Elective of any one interdisciplinary subject of Arts/ Science Stream taught in N.P.U

Total Credits in B.A./B.Sc. Hons = 140

Course Structure and Scheme of Examination of B.A./B.SC. Hons. Under CBCS (for Subjects with all pratical papers)

Table No. 19: Scheme of Examination of B.A./B.Sc. Hons. Under CBCS (for Subject With all Non Pratical papers)

| Semester | Core Course (CC-14) F.M [Mid+End= Total] (Credit) | Ability Enhancement Compulsory Course(AECC-2 | Skill Enhancement Course (SEC-2) | Elective Discipline Specific (DSE-4) | Elective: Generic (GE-4) Interdisciplinary |
|---|---|---|---|---|---|
| I | CC1=100 [MT25+ET75] (6)<br>CC2=100[MT25+ET75] (6) | English/ Hindi Communication =100(2) or NH + MB Communication=50+50 (2) | | | GE 1=T100 (6) |
| II | CC3=100 [MT25+ET75] (6)<br>CC4=100[MT25+ET75] (6) | Environmental Science = 100 (2) | | | GE 2=T100 (6) |
| III | CC5=100 [MT25+ET75] (6)<br>CC6=100[MT25+ET75] (6)<br>CC7=100[MT25 + ET75] (6) | | SEC 1=100 (2) | | GE 3=T100 (6) |
| IV | CC8=100 [MT25+ET75] (6)<br>CC9=100[MT25+ET75] (6)<br>CC10=100[MT25 + ET75] (6) | | SEC2= 100(2) | | GE 4=T100 (6) |
| V | CC11=100 [MT25+ET75] (6)<br>CC12=100[MT25+ET75] (6) | | | DSE1=100 [MT25+ET75] (6)<br>DSE2=100[MT25+ET75] (6) | |
| VI | CC13=100 [MT25+ET75] (6)<br>CC14=100[MT25+ET75] (6) | | | DSE3=100 [MT25+ET75] (6)<br>DSE4=100[MT25+ET75] (6) | |

Abbreviations:
CC= Core Course, SEC= Skill Enhancement Course, DSE= Discipline Specific Elective, GE= Generic Elective, M= Mid Semester Examination, E= End Semester Examination, T= Theory Examination, P= Pratical Examination
Mid Semester = There will be 15 Marks Theory Examination in Practical Subject and 25 Marks Theory Examination in Non-practial Subject Papers.25 Marks Theory Examination may include 10 Marks question from Assignment/project/Tutorial where ever applicable. DSE 1,2,3&4= Generic = Discipline Specific Elective of the subject opted as core subject SEC 1&2 = Skill Enhancement Course of the core course opted. Ge 1,2,3 & 4 = Generic Elective of any one interdisciplinary subject of Arts / Science Stream respectively.
Total Credits in B.A./B.Sc. Hons = 140

## महाविद्यालय शुल्क (College Fee)

स्नातक (Graduation)

नामांकन शुल्क (Admission Fee)
(रूपये में – In Rupess)

| CLASS | Amount |
|---|---|
| सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय तथा वाणिज्य (Faculty of social science Humanities and Commerce) | |
| B.A. (Hons) | 1250 |
| B.A. Pass Course | 1250 |
| B.A. (Hons) Practical Subject | 1430 |
| B.A. Pass Course Practical Subject | 1430 |
| B.Com (Hons) | 1250 |
| B.Com Pass Course | 1250 |

परीक्षा शुल्क (Examination Fee)
(रूपये में – In Rupess)

| CLASS | Amount |
|---|---|
| सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी संकाय तथा वाणिज्य (Faculty of social science Humanities and Commerce) | |
| B.A. (Hons) | 1050 |
| B.A. Pass Course | 1050 |
| B.A. (Hons) Practical Subject | 1150 |
| B.A. Pass Course Practical Subject | 1150 |
| B.Com (Hons) | 1050 |
| B.Com Pass Course | 1050 |

## छात्र कोष

| | |
|---|---|
| पुस्तकालय– | 060.00 |
| क्रीड़ा– | 040.00 |
| चिकित्सा– | 010.00 |
| दीन छात्र– | 015.00 |
| कॉमन रूम– | 025.00 |
| प्रयोगशाला– | 200.00 |
| प्रायोगिक सुरक्षा कोष– | 100.00 |
| उपस्कार– | 050.00 |
| विद्युत– | 040.00 |
| परीक्षा– (परिवर्तनीय)– | 060.00 |
| बोनाफाईड– | 100.00 |

## अन्य शुल्क

| | |
|---|---|
| Mid Sem Exam Fee (Per Paper) | 200.00 |
| Exam Form- | 050.00 |
| Registration Form- | 050.00 |
| Registration Fee- | 400.00 |
| Nss-form- | 050.00 |

महाविद्यालय के आदेशानुसार परिवर्तनीय

**नोट :**

1. गरीब अथवा मेधावी विद्यार्थीयों के लिए अर्द्ध अथवा पूर्ण निःशुल्कता की व्यवस्था है शुल्क में छुट अथवा माफी प्राचार्य द्वारा उचित जांच पड़ताल के उपरांत दी जाती है।
2. महाविद्यालय के आदेशानुसार शुल्क में परिवर्तन सम्भव है।
3. उपरोक्त शुल्क सारणी में किसी प्रकार की त्रूटि होने पर कैश काउन्टर द्वारा दी जानकारी ही मान्य होगी।
4. कैश काउन्टर प्रत्येक शुल्क की रसीद अवश्य देता है।

## सुविधाएँ (Facilities)

### पुस्तकालय (Library) :

महाविद्यालय में एक समृद्ध पुस्तकालय की सुविधा है। जिसमें विभिन्न संकायों एवं विषयों से सम्बन्धित लगभग 18 हजार पुस्तकें हैं। पुस्तकों को पुस्तकालय में पढ़ने एवं निर्गत कराने की भी सुविधा है। पुस्तक निर्गत कराने हेतु महाविद्यालय का परिचय पत्र होना अनिवार्य है। विद्यार्थीयों को एक बार में अधिकतम दो पुस्तकें 15 दिनो के लिए निर्गत की जाती हैं। स्नातक विद्यार्थियों को सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार को पुस्तकें निर्गत की जाती हैं। शिक्षकों को किसी भी कार्यदिवस पर अधिकतम चार पुस्तकें निर्गत की जाती हैं। पुस्तकालय के सुव्यवस्थित संचालन हेतु महाविद्यालय प्राध्यापक है जिसके सदस्य क्रमशः 1) प्रो0 अंजनीनन्दन पाठक (वाणिज्य विभाग) 2.) प्रो सिम्पी कुमारी (राजनीतिशास्त्र विभाग) हैं।

### प्रयोगशाला (Laboratory) :

महाविद्यालय में स्नातक स्तर तक एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के सम्बद्ध विभागों यथा– मनोविज्ञान, भूगोल, समाजशस्त्र एवं गृहविज्ञान की अपनी समृद्ध प्रयोगशाला है। विद्यार्थियों को समय–सारणी के अनुसार पाठ्यक्रम से सम्बन्धित विभिन्न उपकरणों तथा उपस्करो के मदद से अनुभवी शिक्षकों एवं प्रयोगशाला, सहायकों की देखरेख में प्रयोग करने की सुविधा प्रदान की जाती है। प्रयोगशाला हेतु अलग से परिचय पत्र निर्गत किया जाता है जिसे रखना प्रत्येक सम्बद्ध विद्यार्थी के लिए अनिवार्य है।

**कॉमनरूम (Commonroom) :**

महाविद्यालय में छात्राओं हेतु कॉमनरूम की व्यवस्था है। छात्राऍं कॉमनरूम का प्रयोग खाली समय में विभिन्न प्रकार के अखबार, पत्र–पत्रिकाऍं आदी को पढ़ने एवं इनडोर गेम्स खेलने के लिए कर सकती हैं जिसकी समुचित व्यवस्था की गयी है। कॉमनरूम की प्रभारी राजनीतिशास्त्र विभाग के प्राध्यापिका प्रो सिम्पी कुमारी है।

**सामुदायिक सेवा केन्द्र (Community Service Cell):**

महाविद्यालय में शिक्षकों की स्वयंसेवा पर आधारित एक सामुदायिक सेवा केन्द्र कार्यरत है जो समय–समय पर विद्यार्थीयों के कैरियर एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इसमें मुख्य रूप से यू०जी०सी० नेट की तैयारी, कैरियर निर्देशन, व्यक्तित्व विकास, मूल्य शिक्षा एवं अन्तर्विषयक व्याख्यानों का आयोजन होता है। इस केन्द्र के प्रभारी समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो० राज कुमार है।

**वेबसाइट (Website) :**

महाविद्यालय की अपनी वेबसाइट है जिसपर महाविद्यालय सम्बन्धी सूचनाएं उपलब्ध होती हैं। वेबसाइट प्रभारी समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो0 राज कुमार है। वेबसाइट का पता–www.ssmsdcollege.org
ई–मेल का पता–tarhasi.collage@rediffmail.com

**बैंक (Bank) :**

महाविद्यालय परिसर के समीप पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक तथा ग्रामीण बैंक है जिसे तरहसी शाखा के नाम से जाना जाता है।

**पोस्टऑफिस (Post Office)**

महाविद्यालय परिसर के समीप ही पोस्टऑफिस की भी सुविधा है जिसे तरहसी पोस्टऑफिस के नाम से जाना जाता है।

**कैन्टीन (Canteen) :**

महाविद्यालय में मुख्य द्वार के पास ही एक कैन्टीन की भी सुविधा है जहाँ जलपान एवं चाय आदि की व्यवस्था है। यह कैन्टीन महाविद्यालय के भवन में निजी तौर पर संचालित है।

**परिशोधित पेयजल (Purified Water) :**

महाविद्यालय गेट के निकट ही आर० ओ० द्वारा परिशोधित पेयजल की व्यवस्था है।

**खेल–मैदान (Playground) :**

महाविद्यालय के पास अपना विशाल खेल मैदान है जिसमें हर प्रकार के खेलों का आयोजन कराया जा सकता है।

**स्वास्थ केन्द्र (Hospital) :–** महाविद्यालय के 1km की दूरी पर स्वास्थ्य केंद्र उपलब्ध है।

**छात्रावास (Hostal) :–** महाविद्यालय में आरक्षित श्रेणी के छात्रों हेतू छात्रावास की व्यवस्था प्रस्तावित है।

## पाठ्यसहगामी गतिविधियाँ (Co-Curricular Activities)

**एन० सी० सी० (N.C.C.)**

कॉलेज में नेशनल कैडेट कोर का प्रशिक्षण प्रस्तावित है।

**एन० एस० एस० (N.S.S.)**

कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम संचालित हैं। एन0 एस0 एस0 के प्रोग्राम ऑफिसर भुगोल विभाग के प्राध्यापक प्रो० अनुप कुमार है।

**विभागीय सेमिनार (Departmental Seminar)**

प्रत्येक विभाग में विभागीय सेमिनार के आयोजन का प्रावधान है। सम्बंधित विभागो से सेमिनार के लिए केवल स्नातक प्रतिष्ठा के लिए पुस्तकें निर्गत की जाती हैं।

**खेलकूद (Sports)**
कॉलेज में खेलकूद की विभिन्न गतिविधियों के लिए सुविधा विद्यमान है। खेलकूद का वार्षिक आयोजन भी प्रत्येक वर्ष दिसम्बर–जनवरी में होता है। खेलकूद सम्बन्धी गतिविधियों के लिए गणित विभाग के प्राध्यापक प्रो अमरनाथ गुप्ता हैं।

**सांस्कृतिक गतिविधियाँ (Cultural Activities)**
कॉलेज में समय–समय पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक क्रियाकलापों का आयोजन होता रहता है। सांस्कृतिक गतिविधियों को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक वर्ष नवम्बर–दिसम्बर माह में युवा महोत्साव सम्पादित कराने की भी कार्ययोजना है। सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु महाविद्यालय में एक सांस्कृतिक समिति है जिसकी संयोजक प्रो0 सुषमा कुमारी (गृहविज्ञान विभाग) तथा प्रो0 सुशिला कुमारी (दर्शनशास्त्र विभाग) है।

**महाविद्यालय पत्रिका (College Magazine)**
महाविद्यालय की 'समकालीन परिवेश' नाम से अपनी एक वार्षिक पत्रिका है जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थीयों की लेखकीय संभावनाओं को विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। पत्रिका एक सम्पादक मण्डल द्वारा प्रकाशित होती है।

**स्वास्थ्य शिविर (Health Camp)**
महाविद्यालय के प्रत्येक माह के अंत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। जो पूरी तरह से निःशुल्क होता है।

## नियम-परिनियम (Rules & Regulations)

1. परिचय पत्र (I-Card) सम्बन्धी–प्रत्येक विद्यार्थी को महाविद्यालय परिसर में परिचय पत्र रखना अनिवार्य होगा। यदि कोई विद्यार्थी किन्ही कारणों से विश्वविद्यालय जाता है तो अपना परिचय पत्र लेकर जाए। परिचय पत्र के बिना विश्वविद्यालय के किसी पदाधिकारी से मिलना निषेध होगा।
2. उपस्थिति (Attendence) सम्बन्धी–विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रत्येक विद्यार्थी की कक्षा में 75% उपस्थिती अनिवार्य है। उपस्थिती कम होने पर उन्हे परीक्षा देने से वंचित किया जा सकता है।
3. पुस्तकालय (Library) सम्बन्धी–
   1) पुस्तकें महाविद्यालय की अमूल्य निधि है और उनकी सुरक्षा प्रत्येक विद्यार्थी का पुनीत कर्त्तव्य है।
   2) पुस्तकालय से निर्गत पुस्तक में यदि कोई विकृति आ जाए या वह खो जाए तो पुस्तक के वर्त्तमान मूल्य की चौगनी राशि दण्ड के रूप में देनी होगी।
   3) छात्रो के नाम निर्गत किसी भी पुस्तक के शिक्षको द्वारा आवश्यकता पड़ने पर नियत अवधि के भीतर लौटाना अनिवार्य होगा।
   4) ली गई पुस्तकें निर्धारित अवधी या एक सप्ताह के भीतर नही लौटाने पर प्राचार्य द्वारा लगाये गये निर्धारित शुल्क देय होंगे।
4. परीक्षा (Examination) सम्बन्धी–
   1) परीक्षा में विलम्ब से पहुचने पर परीक्षा आरम्भ होने के 15 मिनट तक ही प्रवेश की अनुमति है।
   2) कोई परीक्षा छूट जाने पर पुनः उसकी परीक्षा नही ली जाती। विद्यार्थी को अगले सत्र में पुनः परीक्षा देनी होगी।
5. अनुशासन (Discipline) सम्बन्धी–
   1) विद्यार्थियों से यह अपेक्षा की जाती है की वे महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखेंगे। महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता, सुरक्षा एवं शैक्षणिक वातावरण को बनाए रखने की जिम्मेदारी सभी विद्यार्थियों की है।
   2) महाविद्यालय भवन, बिजली–पानी उपस्कर या अन्य किसी संसाधन को क्षति पहुँचाने वाले विद्यार्थियों पर कठोर अनुशासनात्मक कारवाई होगी।
   3) अध्यापन काल में शिक्षण कक्षाओं की ओर निरूदेश्य घूमना, बरामदे पर एकत्र होना अथवा किसी प्रकार का शोरगुल करना सर्वथा निषेध है।
   4) महाविद्यालय में साईकल–स्कूटर स्टैण्ड की सुविधा है। निर्दिष्ट स्थान के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर साईकल–स्कूटर आदी रखना वर्जित है।

## महाविद्यालय के पदाधिकारी (Office-Bearars of the College)

| क्रम. | पद | नाम | विभाग | सम्पर्क सूत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राचार्य/प्रो इंचार्ज | प्रो0 प्रभाकर ओझा | इतिहास विभाग | 8340782435 |
| 2. | अर्थपाल (बरसर) | प्रो0 राज कुमार | समाजशास्त्र | 8002972193 |
| 3. | प्रभारी पंजीयन विभाग एवं परीक्षा नियंत्रक | प्रो0 बजरंग कु0 गुप्ता | अर्थशास्त्र विभाग | 9430162965 |
| 4. | प्रभारी छात्र कल्याण एवं नैक | प्रो0 राज कुमार | समाजशात्र विभाग | 8002972193 |
| 5. | अवकाश जाँच प्रभारी | प्रो0 नेयाज अहमद | उर्दू विभाग | 9973768370 |
| 6. | प्रभारी गर्ल्स कॉमन रूम | प्रो0 सिम्पी कुमारी | राजनितिशास्त्र | 7764007750 |
| 7. | प्रोग्राम ऑफीसर | प्रो0 अनुप कुमार | भुगोल | 8709531918 |
| 8. | प्रभारी मीडीया सेल | प्रो0 राज कुमार | समाजशात्र विभाग | 8002972193 |
| 9. | प्रभारी पुस्तकालय | प्रो0 अंजनी नंदन पाठक | वाणिज्य | 8507555978 |
| 10. | प्रभारी सास्कृतिक कार्यक्रम | प्रो0 सुषमा कुमारी | गृहविज्ञान | 8603475998 |
| 11. | प्रभारी खेलकुद | प्रो0 अमरनाथ गुप्ता | गणित | 8521219819 |

The College management constitutes a committee with the following members to look after.

### College Academic Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof. Raj kumar | H.O.D. Sociology | Member | 8002972193 |
| 3. | Prof. Dharmendra Kumar | H.O.D. Commerce | Member | 8709877945 |
| 4. | Prof. Bajrang Kumar Gupta | H.O.D. Economics | Member | 7677871449 |
| 5. | Prof. Sushma Kumari | H.O.D. Home Science | Member | 8603475998 |

### Purchase Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof. Raj kumar | H.O.D. Sociology | Member | 8002972193 |
| 3. | Prof. Dharmendra Kumar | H.O.D. Commerce | Member | 8709877945 |
| 4. | Prof.Anjani nandan pathak | Commerce | Member | 8092202720 |
| 5. | Prof. Sanjay Sahay | Accountant Incharge | Member | 8092566480 |

## Routine Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Raj Kumar | H.O.D. Sociology | Chairman | 8002972193 |
| 2. | Prof. Bajrang Kumar Gupta | H.O.D. Economics | Member | 7677871449 |
| 3. | Prof. Simpi Gupta | Pol-Science | Member | 7764007750 |

## Infra Structure Development Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof.Neyaz Ahmad | H.O.D. Urdu | Member | 9973768370 |
| 3. | Prof. Dharmendra Kumar | H.O.D. Commerce | Member | 8709877945 |
| 4. | Prof. Neha Kumari | H.O.D. Psychology | Member | 6202769711 |
| 5. | Prof. Anjani nandan pathak | Commerce | Member | 8603475998 |

## Anti Ragging Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof.Neyaz Ahmad | H.O.D. Urdu | Member | 9973768370 |
| 3. | Prof. Anjani nandan pathak | Commerce | Member | 8092202720 |
| 4. | Prof. Neha Kumari | H.O.D. Psychology | Member | 6202769711 |
| 5. | Prof. Archana Kumari | H.O.D. Pol-Science | Member | 9162746062 |

## Sport Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof.Neha Kumari | H.O.D. Psychology | Member | 6202769711 |
| 3. | Prof. Soniya Kumari | H.O.D. Hindi | Member | 7903932767 |
| 4. | Prof. Anup Kumar | H.O.D. Geography | Member | 8292590624 |
| 5. | Prof. Amarnath gupta | H.O.D. Math | Member | 8521219819 |

### Cultural Programme Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof.Sushma Kumari | H.O.D. Home-Sc | Member | 8603475998 |
| 3. | Prof. Anup Kumar | H.O.D. Geography | Member | 8292590624 |
| 4. | Prof. Simpi gupta | Pol-Science | Member | 7764007750 |
| 5. | Prof. Soniya Kumari | H.O.D. Hindi | Member | 7903932767 |

### Student Wellfare Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof.Raj Kumar | H.O.D. Sciology | Member | 8002972193 |
| 3. | Prof. Sushma Kumari | H.O.D. Home-Sc | Member | 8603475998 |
| 4. | Prof. Archana Kumari | H.O.D. Pol-Science | Member | 9162746062 |

### Discipline Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof.Neyaz Ahmad | H.O.D. Urdu | Member | 9973768370 |
| 3. | Prof. Bajrang Kumar gupta | H.O.D. Economics | Member | 7677871449 |
| 4. | Prof. Anjani nandan pathak | Commerce | Member | 8092202720 |
| 5. | Prof. Rajkumar | H.O.D. Sociology | Member | 8002972193 |

N.S.S. Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof. Anup Kumar | H.O.D. Geography | Member | 8002972193 |
| 3. | Prof. Dharmendra Kumar | H.O.D. Commerce | Member | 8709877945 |
| 4. | Prof. Simpi gupta | Pol-Science | Member | 7764007750 |
| 5. | Prof. Soniya Kumari | H.O.D. Hindi | Member | 7903932767 |

Examination Committee

| S.N. | Name | Designation | Post in Committee | Mob No: |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Prabhakar Ojha | Prof. In-Charge | Chairman | 8340782435 |
| 2. | Prof. Neyaz Ahmad | H.O.D. Urdu | Member | 9973768370 |
| 3. | Prof. Bajrang Kumar Gupta | H.O.D. Economics | Member | 7677871449 |
| 4. | Prof.Anjani nandan pathak | Commerce | Member | 8092202720 |
| 5. | Prof. Archana Kumari | H.O.D.Pol-Science | Member | 9162746062 |

These Committee as per U.G.C. guidelines & directives of the university.

## छात्रोपयोगी सूचनाएँ (Student Related Informations)

1. **छात्रवृति (Scholarship) सम्बन्धी** :
महाविद्यालय में सभी आरक्षित वर्गों (OBC,SC & ST) तथा सामान्य वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों के लिए कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार सरकार की ओर से छात्रवृति की सुविधा प्रदान की जाती है। इस कार्य हेतु महाविद्यालय में एक छात्र कल्याण विभाग है जो विद्यार्थियों के आवेदन पर विचार कर उसे कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार को प्रेषित करता है। छात्रवृति के लिए इच्छुक विद्यार्थी इस सम्बंध में किसी भी जानकारी के लिए महाविद्यालय के छात्र–कल्याण विभाग से सम्पर्क करें।

2. **परिचय (I-Card) सम्बन्धी :**
परिचय पत्र शुल्क जमा करते समय ही कैश काउन्टर पर पासपोर्ट आकार का एक फोटो देकर प्राप्त किया जा सकता है।

3. **कक्षा ( Class) सम्बन्धी :**
   1) विद्यार्थी अपनी कक्षाओं के लिए सम्बद्ध विभाग के विभागाध्यक्ष से मिलकर कक्षा सम्बन्धी रूटीन की जानकारी प्राप्त करें।
   2) कक्षाएँ निर्धारित सत्र के सभी कार्यदिवसों पर संचालित होती हैं, जबतक कि उन्हे स्थगित करने सम्बन्धी कोई विशेष आदेश प्राचार्य द्वारा न हो।
   3) प्रत्येक विषय की विस्तृत पाठ्यचर्या (Syllabus) सम्बद्ध विभागों में उपलब्ध है।
   4) कक्षा सम्बन्धी कोई भी शिकायत सर्वप्रथम सम्बद्ध विभाग के विभागाध्यक्ष से करें एवं शिकायतनिवारण न होने पर ही प्राचार्य के पास जाएं।

4. **सी० एल० सी० (C.L.C.) निर्गत करने संबन्धीः**
महाविद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र (C.L.C.) निर्गत करने हेतु विद्यार्थी–
1) कॉलेज प्राचार्य SSMS Degree कॉलेज के नाम एक आवेदन लिखे जिसमें सी0 एल0 सी0 निर्गत कराने का कारण स्पष्ट रूप में उल्लेखित हो।
2) इस आवेदन के साथ प्रवेश शुल्क की रसीद, अन्तिम उत्तीर्ण परीक्षा का अंकपत्र एवं प्रवेशपत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
3) आवेदन पर परीक्षा विभाग, पुस्तकालय एवं सम्बद्ध विभाग से नो ड्यूज (No Dues) प्राप्त करें
4) तदुपरांत आवेदन को कैश काउन्टर पर जमा कर तदसम्बन्धी रसीद प्राप्त कर लें।
5) तदुपरांत सम्बंद्ध कर्मचारी के निर्देशानुसार कॉलेज के बाहर निर्मित काउन्टर से उसी दिन या अन्य कार्यदिवस को सी० एल० सी० प्राप्त करें। सी० एल० सी० के साथ ही चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।
नोट– सी० एल० सी० निर्गत करने हेतु दो प्रकार के शुल्क का प्रावधान है।1) सामान्य– इसके अन्तर्गत सी0 एल0 सी0 प्राप्त करने की समयसीमा एक सप्ताह होगा। 2) अतिआवश्यक (urgent)- इसके अन्तर्गत उसी कार्यदिवस को सी0 एल0 सी0 प्राप्त की जा सकती है।

5. **मूल प्रमाण (Degree) निर्गत करने सम्बन्धी :**
स्नातक अन्तिम वर्ष की परीक्षा के साथ डिग्री का शुल्क ले लिया जाता है और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित समय पर उसे महाविद्यालय को भेज दिया जाता है। परन्तु अतिआवश्यक स्थिति में विद्यार्थी औपबन्धिक (provisional) प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकता है, जिसकी प्रक्रिया निम्नवत है–
1) डिग्री के लिए निर्धारित प्रपत्र को विद्यार्थी विश्वविद्यालय से प्राप्त करें।
2) प्रपत्र को भरकर उसके साथ सम्बद्ध पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष का अंकपत्र, परीक्षा प्रवेश पत्र एवं दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
3) तदुपरांत उसे प्राचार्य से अग्रसारित कराकर विश्वविद्यालय में जमा करें एवं वहीं से उसे प्राप्त करें।

6. **प्रवजन (Migration) प्रमाण पत्र निर्गत सम्बन्धीः**
1) प्रवजन प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित प्रपत्र को विश्वविद्यालय से प्राप्त करें।
2) प्रपत्र को भरकर उसके साथ अंतिम उत्तीर्ण / अनुत्तीर्ण परीक्षा का अंकपत्र, परीक्षा प्रवेश पत्र एवं सी०एल०सी० की छायाप्रति संलग्न करें।
3) तदुपरांत उसे प्राचार्य से अग्रसारित कराकर विश्वविद्यालय में जमा करें एवं वहीं से उसे प्राप्त करें

7. **अंकपत्र (Marksheet) आदि प्राप्त करने सम्बन्धी :**
1) महाविद्यालय के किसी भी परीक्षा का परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त उसका अंकपत्र विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के परिक्षा विभाग को निर्धारित समय पर भेज दिया जाता है।
2) अंकपत्र का वितरण प्राचार्य के आदेशानुसार परीक्षा विभाग द्वारा या सम्बन्ध विभागों द्वारा या विभिन्न काउन्टरों पर किया जाता है।
3) विद्यार्थी अंकपत्र प्राप्त करने हेतु सम्बद्ध परीक्षा का मूल प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाएँ।

8. **परीक्षा फार्म (Examination Form) भरने एवं सत्यापन (Verification) सम्बन्धी :**
1) परीक्षा फार्म भरने की तिथि विश्वविद्यालय द्वारा सामाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की जाती है।
2) विद्यार्थी परीक्षा आवेदन प्रपत्र महाविद्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त करें।
3) आवेदन प्रपत्र को पूर्ण रूप से भरकर उसके साथ सम्बन्ध कक्षा का नामांकन रसीद, पूर्व में उत्तीर्ण परीक्षा के अंकपत्र एवं प्रवेश पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
4) तदपश्चात् आवेदन प्रपत्र को सम्बद्ध विभाग से सत्यापित कराकर एवं कैश काउन्टर पर जमा कर रसीद प्राप्त करें।
5) परीक्षा शुल्क का रसीद देखकर ही परीक्षा का प्रवेश पत्र निर्गत किया जाता है।

9. **अनुत्तीर्ण (Fail) होने पर पुनः फार्म भरने एवं सत्यापन सम्बन्धी :**
1) किसी परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थी अगले सत्र में होने वाली परीक्षा में पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) के रूप में शामिल हो सकते हैं।
2) विद्यार्थी परीक्षा आवेदन प्रपत्र महाविद्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त करें।
3) आवेदन प्रपत्र को पूर्ण रूप से भरकर उसके साथ सम्बन्ध कक्षा का नामांकन रसीद, पूर्व में अनुत्तीर्ण परीक्षा का अंकपत्र एवं प्रवेश पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।

4) तदपश्चात् आवेदन प्रपत्र को परीक्षा विभाग से सत्यापित कराकर कैश काउन्टर पर जमा कर रसीद, प्राप्त करें।
5) पूर्ववर्ती छात्रों से केवल परीक्षा शुल्क लिया जाता है, नामांकन शुल्क नहीं।

10. **स्क्रूटनी (Scrutiny) सम्बन्धी :**

परीक्षाफल आने के 15 दिन के अन्दर ही स्क्रूटनी हेतु आवेदन किया जा सकता है। किसी पत्र के स्क्रूटनी हेतु विद्यार्थी–

1) परीक्षा नियंत्रक, नी०पी०वि०वि०, द्वारा प्राचार्य, के नाम एक आवेदन लिखे, जिसमें उन पत्रों का उल्लेख हो जिनकी स्क्रूटनी करानी हो।
2) आवेदन के साथ सम्बन्धित अंकपत्र एवं प्रवेश पत्र की छायाप्रति संलग्न करें।
3) संलग्नयुक्त आवेदन को परीक्षा विभाग एवं प्राचार्य से अग्रसारित कराकर विहित शुल्क के साथ महाविद्यालय के कैश काउन्टर पर जमा करें।
4) विश्वविद्यालय निर्धारित समय पर स्क्रूटनी के परिणाम से महाविद्यालय को अवगत कराता है।

11. **पंजीयन (Registration) सम्बन्धी :**

1) पंजीयन फार्म स्नातक प्रथम समेस्टर के नामांकन फार्म के साथ ही प्राप्त एवं जमा होता है।
2) पंजीयन महाविद्यालय का दायित्व है जिसके लिए नामांकन फार्म के साथ ही प्राप्त एवं जमा होता है।
3) नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने पर समेकित रूप से सभी फार्मो को विश्वविद्यालय भेजकर पंजीयन कराया जाता है।

12. **किसी अभिलेख (Document) मे हुई त्रुटियों को सुधरवाने सम्बन्धी :**

प्रवेश पत्र, पंजीयन आदी किसी अभिलेख में यदि त्रुटि हो गई हो तो इसे सुधरवाने हेतु विद्यार्थी–

1) परीक्षा नियन्त्रक, नीलाम्बर–पीताम्बर विश्वविघालय, द्वारा प्राचार्य, के नाम तदसम्बन्धी आवेदन लिखें।
2) आवेदन के साथ त्रुटिपूर्ण प्रपत्र एवं वांछित सुधार को प्रमाणित करने वाले किसी अभिलेख (यथा–मैट्रिक का प्रमाण पत्र) की छायाप्रति संलग्न करें।
3) आवेदन को प्राचार्य के द्वारा अग्रसारित कराकर महाविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करें।
4) महाविद्यालय इसे अपने स्तर पर सुधार कर कम्प्यूटरीकृत कॉपी में सुधार हेतु विश्वविद्यालय को भेज देता है।

13. **किसी फार्म आदी के सत्यापन (Form Verification) सम्बन्धी :**

किसी भी प्रकार के फार्म (यथा–विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं सम्बन्धी) का सत्यापन प्राचार्य या उनके द्वारा निर्देशित प्राध्यापकों द्वारा किया जाता है। किसी भी प्रकार के सत्यापन के लिए विद्यार्थी को नामांकन रसीद एवं सभी सम्बन्ध मूल प्रमाण पत्रों को दिखाना अनिवार्य होगा। सत्यापन हेतु विद्यार्थियों को प्रति अभिलेख दो रूपये का रसीद कटाना अनिवार्य होगा।

14. **किसी अभिलेख (Document) के खो जाने पर :**

किसी अभिलेख के खो जाने पर उसका नकल प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया निम्न है–

1) विद्यार्थी सम्बन्ध थाने में प्राथमिकी (FIR) दर्ज कराकर उसकी कॉपी प्राप्त करें।
2) तदपश्चात् सिविल कोर्ट से उसी आशय का शपथ पत्र (Affidavit) बनवाएं।
3) तदुपरांत नमांकन रसीद, परिचय पत्र, सी0एल0सी0, चरित्र प्रमाण पत्र आदी (कॉलेज से बननेवाले अभिलेख) का नकल प्रति निकलवाने के लीए प्राचार्य के नाम तथा अंकपत्र, प्रवेशपत्र, डिग्री/प्रोविजनल डिग्री, प्रवजन प्रमाणपत्र आदी (विश्वविद्यालय से बनने वाले अभिलेख) का नकल प्रति निकलवाने के लिए परीक्षा नियंत्रक, द्वारा प्राचार्य, के नाम सम्बन्धित आशय का आवेदन लिखें।
4) आवेदन के साथ 1) प्राथमिकी की छायाप्रति 2) शपथ पत्र 3) खोए प्रपत्र की छायाप्रति, यदि उपलब्ध हो तो, संलग्न करें।
5) तद्पश्चात आवेदन को प्राचार्य द्वारा अग्रसारित कराकर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय (यथासम्बद्ध) कैश काउन्टर पर जमा करें तथा वहीं से दिए गए समय पर सम्बद्ध अभिलेख का नकल प्राप्त करें।

# महाविद्यालय के प्रध्यापकों की सूची

## Faculty of Social Sicence :

### Economics (अर्थशास्त्र)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० बजरंग कुमार गुप्ता | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 7677871449 |

### English (अंग्रेजी)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० रामजन्म पाण्डेय | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 7050753942 |

### Geography (भूगोल)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० अनुप कुमार | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 8709531918 |

### Hindi (हिन्दी)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० सोनीया कुमारी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 7903932767 |
| प्रो० ओम प्रकाश मिश्रा | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 9934091323 |

### Political Sicence (राजनितिक शास्त्र)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० अर्चना कुमारी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 8789028833 |
| प्रो० सिम्पी कुमारी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 7764007750 |

### History (इतिहास)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० प्रभाकर ओझा | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 8340782435 |
| प्रो० अरूण कुमार तिवारी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 9471188969 |

### Psychology (मनोविज्ञान)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० नेहा कुमारी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 6202769711 |

### Sociology (समाज शास्त्र)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० राज कुमार | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 9608300298 |

महाविद्यालय के प्रध्यापकों की सूची

## Faculty of Social Sicence :

### Home Science (गृह विज्ञान)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० सुषमा कुमारी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 8603475998 |

### Math (गणीत)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० अमरनाथ गुप्ता | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 8521219819 |

### Philosphy (दर्शन शास्त्र)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० सुशिला कुमारी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 9304188073 |

### Urdu (उर्दू)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० नेयाज अहमद | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 9973768370 |
| प्रो० अफसा जाबी | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 9334670548 |

## Faculty of Commerce :

### Commerce (वाणिज्य)

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|
| प्रो० धर्मेन्द्र कुमार | असिस्टेन्ट प्रोफेसर (एच.ओ.डी) | 8709877945 |
| प्रो० अंजनी नंदन पाठक | असिस्टेन्ट प्रोफेसर | 8092202720 |

# महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मियों की सूची

## IIIrd Grade Employee:

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
| --- | --- | --- |
| श्री प्रशांत सिंह अकेला | हेड कलर्क | 8789114211 |
| श्री संजय सहाय | एकाउन्टेट | 8092566480 |
| श्री राम प्रवेश पाण्डेय | कलर्क | 9162748990 |
| श्री राहुल रजक | कलर्क | 8709500235 |
| श्री नवीन कुमार पाण्डेय | कलर्क | 7739074473 |
| श्री सौरभ राज | कलर्क | 6201316362 |
| श्री लड्डू कुमार | कलर्क | 8210816675 |
| श्री मिथलेश कुमार | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 9113194037 |

## 4th Grade Employee:

| नाम | पदनाम | मोबाईल नम्बर |
| --- | --- | --- |
| श्री सरयु राम | आदेशपाल | 9162775356 |
| श्री अनिल राम | नाईट गार्ड | 8578926864 |
| श्री नितिश पाण्डेय | आदेशपाल | 6200306131 |
| श्रीमती सहोदरी देवी | आदेशपाल | 9162775356 |
| श्री अनिल यादव | नाईट गार्ड | 9955161097 |

**कृप्या ध्यान दें**

1. विवरणिका में दिये गये प्रावधानों में अवश्यकतानुसार संशोधन / परिवर्तन का विशेषाधिकार महाविद्यालय को होगा।
2. इस विवरणिका को विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के समापन तक साथ रखें एवं महाविद्यालय संबन्धी विभिन्न सूचनाओं के लिए इससे मार्ग दर्शन लें।


Society for Education & Environment Research
सुखदेव सहाय- मधेश्वर सहाय डिग्री महाविद्यालय

